तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 अभिजीत मुहूर्त में हुई घट की स्थापना, जले मनोकामना ज्योतिकलश




## खबर संक्षेप

### जिले के 572 केंद्रों में 22 को होगी साक्षरता की महापरीक्षा

**कोरबा।** जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन महापरीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले के कुल 572 उल्लास केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग के मार्गदर्शन में इस महा अभियान को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय एवं जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती ज्योति शर्मा के नेतृत्व में सभी विकासखंडों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस साक्षरता अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कर जिले को साक्षरता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### मीना बनी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**कोरबा।** प्रदेश भाजपा मुख्य संगठन ने पुनः पार्टी में महिला को सम्मान देते हुए श्रीमती मीना शर्मा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया है। पूर्व मे श्रीमती मीना शर्मा भाजपा महिला मोर्चा मे जिलामंत्री एवं जिला अध्यक्ष के दायित्व का सफल निर्वहन कर चुकी हैं। जिला कोरबा में श्रीमती शर्मा नारी सशक्तिकरण की दिशा मे सदा प्रयासरत रहती है। नये दायित्व के लिए भाजपा संगठन का धन्यवाद करते हुए उन्होने कहा कि भाजपा संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में वे सक्रियता से कार्य करेंगी।

### लोक अभियोजक राजेंद्र ने 58वीं बार किया रक्तदान



**कोरबा।** लोक अभियोजक राजेंद्र साहू के द्वारा 58 वीं बार नवरात्रि प्रथम दिवस रक्तदान किया गया। राजेंद्र साहू चैत्र नवरात्रि एवं शारदीय नवरात्रि में वर्ष में 2 बार मानव हित में रक्तदान करते है। राजेंद्र साहू को राष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवा के क्षेत्र में समाज रत्न, जन जागरण संबंधी लेख प्रकाशन पर निराला स्मृति सम्मान, जिला स्तर पर रक्त वीर सम्मान एवं विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किए गए हैं। राजेंद्र साहू द्वारा जिले के समस्त चिकित्सालयों बालको, एसईसीएल, एनटीपीसी, शासकीय चिकित्सालय दांडेकर, नर्सिंग होम स्वेता नर्सिंग होम सहित अन्य चिकित्सालय व ब्लड बैंक में रक्तदान करते रहे है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा, परियोजना कोरबा (शहरी) के अंतर्गत नगर पालिका निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 02 के आंगनबाड़ी केद्र सर्वमंगलापारा एवं वार्ड क्रमांक 22 के आंगनबाड़ी केद्र आरामशीन में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु योग्य महिला उम्मीदवारों से शर्तों के अधीन आवेदन पत्र 23 मार्च से 7 अप्रेल तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं होगा। आवेदन करने हेतु पोर्टल में पंजीयन कर आवेदन करना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी हेतु उक्त पोर्टल में उपलब्ध उपयोगकर्ता मेनुअल की सहायता ली जा सकती है। ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात आवेदन के प्रिन्ट आउट सहित आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न कर निर्धारित समय सीमा में परियोजना कार्यालय कोरबा(शहरी) में जमा करना है।

## हिन्दू नववर्ष में निकाली गई विशाल शोभायात्रा...



हिन्दू नववर्ष के आगमन पर शहर में आज आकर्षक और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अन्य प्रदेशों की झांकियां नजर आ रही थी जिसे देखने के लिए जनसैलाब उमड़ा हुआ था।

### सीतामणी रामजानकी मंदिर और कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से हुआ यात्रा का श्री गणेश

# आकर्षक और भव्य झांकियों के साथ शहर में निकली शोभायात्रा, उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिन्दू नववर्ष के आगमन और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर शहर में प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली भव्य और आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा इस वर्ष भी शहर के दोनों छोर से निकाली गई। जिनमें रैली का काफिला ऐसा लंबा था कि शहर के एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग में केवल भीड़ ही नजर आ रही थी। झांकियों में देश के विभिन्न राज्यों के भक्ति और सांस्कृतिक कला का संगम नजर आ रहा था।

**खास बात**

- गाजे बाजे और डीजे की धुन के साथ भक्ति गीतों में थिरक रहे थे युवाओं के कदम

हिन्दू क्रांति सेना और बजरंग दल के द्वारा पिछले कुछ वर्षों से हिन्दू नववर्ष के आगमन पर शोभायात्रा निकालने का कार्य शुरु किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में शहर के साथ ग्रामीण अंचल के लोग भी शामिल रहते हैं। गुरुवार को एक तरफ चैत्र नवरात्र पर्व की धूम मंदिरों में सुबह से नजर आ रही थी वहीं गोधुली बेला के बाद शहर के मुख्य मार्गों में निकली भव्य शोभा यात्राओं में अन्य प्रदेशों की कला संस्कृति के साथ देवी के कई रुप और राम लक्ष्मण हनुमान की झांकियां भी लोगों का मन मोह रही थी। रैली में शामिल युवाओं के कदम डीजे मे बज रहे भक्ति गीतों के साथ थिरक रहे थे। बड़ी संख्या में भगवाधारी युवक बाइक रैली में शोभायात्रा की अगुवाई करते नजर आ रहे थे तो वहीं दूसरी ओर युवतियां व महिलाएं भक्ति गीतों के साथ नाचते गाते चल रही थी। जिन जिन मार्गस्थल से शोभायात्राएं गुजर रही थी उन स्थानों में विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभयात्रा का स्वागत किया जाता रहा। कहीं फूल बरसाए गए तो कहीं शोभायात्रा में शामिल युवक युवतियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। हिन्दू क्रांति सेना की शोभायात्रा का समापन देर रात नए बस स्टेंड में मां दुर्गा मंदिर के समीप किया गया। वहीं कोसाबाड़ी से बजरंग दल के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का समापन टीपी नगर इंदिरा विहार में किया गया।



इस तरह लोगों का उमड़ा था हुजूम।

**गली मोहल्लों से शोभायात्रा में शामिल होने निकले लोग**

भव्य शोभायात्रा में शामिल होने और हिन्दू नववर्ष के आगमन के अवसर पर निकाली जा रही झांकियों को देखने और उनका भागीदार बनने के लिए शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के गली मोहल्लों से लोग परिवार सहित निकले थे। दोनों ही शोभायात्रा निकलने वाले स्थल में शाम 4 बजे से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी।

**कार में स्टंटबाजी तो बाइक का साइलेंसर निकालकर मार रहे थे फर्राटे**



चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष की शुरुआत से पहले शहर में जहां एक ओर आस्था और उत्साह का माहौल है, वहीं दूसरी ओर शहर में दो प्रमुख संगठनों के द्वारा रैली निकाली तो वहीं कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा शहर के घंटाघर मैदान और आसपास के इलाकों में के मुख्यमार्ग पर कार और बाइक सवार युवकों ने साइलेंसर निकालकर फर्राटे भरते व स्टंटबाजी करते नजर आये। उल्लेखनीय है कि शहर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर दो प्रमुख संगठनों के द्वारा रैली निकाली जाती है जहां आस्था के नाम पर कुछ असामाजिक तत्व हुड़दंग को अंजाम देते हैं। गुरुवार की शाम होते ही शहर की सड़कों में नजारा इसी तरह का था। बाइक सवार युवक साइलेंसर निकालकर या फिर बुलेट में पटाखा की आवाज निकालकर फर्राटे भरते नजर आये तो वहीं दूसरी ओर शहर के घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम में चार पहिया वाहन में सवार युवक कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करते नजर आ रहे थे जिनका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इससे पहले भी चैत्र नवरात्र के पहले दिन रैली के नाम पर कुछ समाजिक तत्व इसी तरह की हरकतों को अंजाम देते हैं। त्योहारों के दौरान इस तरह की घटनाएं न सिर्फ आमजन की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और धार्मिक माहौल को भी प्रभावित करती है। हालांकि पुलिस ऐसे युवकों को सबक सिखाते भी नजर आयी लेकिन ज्यादातर बाइक सवार युवक पुलिस को चकमा देकर भागते नजर आये।

# शोभायात्रा के दौरान पुलिस की चाक-चौबंद रही व्यवस्था



पुलिस जवानों को दिशा निर्देश देते एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए पुलिस लाइन में अधिकारियों और जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी को सतर्क रहकर ड्यूटी निभाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हिंदू नववर्ष के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए गुरुवार को 5सौ पुलिस जवान मुस्तैद रहेंगे। एडिशनल एसपी लखन पटले के मुताबिक एक ओर बजरंग दल द्वारा कोसाबाड़ी से ट्रांसपोर्टनगर तक आयोजित शोभायात्रा के लिए 250 जवान व दूसरी ओर हिंदू क्रांति सेना द्वारा सीतामणी से ट्रांसपोर्ट नगर तक निकाले जाने वाले शोभायात्रा के लिए 250 जवान ड्यूटी पर लगाए जाएंगे। प्रत्येक झाकी के पीछे और पूरे रूट पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात रहेंगे। भीड़भाड़ के दौरान अप्रिय स्थिति न हो इसके लिए सभी पुलिस अधिकारी व शहरी व उपनगरीय क्षेत्र के थाना प्रभारी भी सुरक्षा ड्यूटी पर रहेंगे। वहीं ड्रोन से निगरानी की जाएगी। ऊंची बिल्डिंग से भी दूरबीन के जरिए भीड़ पर नजर रखी जाएगी। एसपी ने साफ तौर पर कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने या उपद्रव करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम को शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की इस सख्ती के बीच आम नागरिकों से भी शांति बनाए रखने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई है, ताकि त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके।

## प्रगतिशील बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति की मतदाता सूची प्रकाशित

**कोरबा।** प्रगतिशील बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित हरदीबाजार विकासखण्ड पाली पंजीयन क्रमांक 376 अंतर्गत मतदाता सूची का प्रकाशन 19 मार्च को किया गया है। प्रकाशित सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा-आपत्ति 27 मार्च तक आमंत्रित किया गया है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि दावा-आपत्ति लिखित में मय प्रमाण के साथ सोसायटी के सदस्य मंजीत यादव के पास 27 मार्च तक कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत किया जा सकता है। दावा-आपत्तियों का निराकरण सोसायटी कार्यालय में 28 मार्च को प्रातः 12 बजे से किया जायेगा।

# पिछले साल के रिकार्ड को तोड़ते हुए कोयला उत्पादन में एसईसीएल पहुंचा 167.7 एमटी के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 में सतत प्रयासों के बल पर उत्पादन, ऑफटेक एवं ओवरबर्डन रिमूवल तीनों प्रमुख मानकों पर सकारात्मक प्रगति दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड की सभी अनुषंगी कंपनियों में एकमात्र कंपनी है जिसने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में इन तीनों मानकों में वृद्धि दर्ज की है।

**खास बात**

- ऑफसेट में भी 171.3 एमटी के साथ पिछले वित्त वर्ष के आंकड़े को पीछे छोड़ा

कंपनी ने 18 मार्च को पिछले वित्त वर्ष के कुल कोयला उत्पादन को पार कर लिया है। कुल उत्पादन 167.7 मिलियन टन (एमटी) तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि में एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स का प्रमुख योगदान रहा है। जिनमें गेवरा परियोजना ने 51.7 एमटी, दीपका परियोजना ने 36.5 एमटी और कुसमुंडा परियोजना ने 30.7 एमटी कोयला उत्पादन किया है। इसी तरह सेंट्रल इंडिया कोलफील्ड्स में 25.6 एमटी, रायगढ़ क्षेत्र में 15.8 एमटी और कोरबा क्षेत्र में 7.2 एमटी कोयला उत्पादन हुआ है। ओवरबर्डन रिमूवल के क्षेत्र में भी कंपनी ने अब तक 350 मिलियन क्यूबिक मीटर का स्तर हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि को दर्शाता है जिससे आने वाले समय में कोयला खनन गतिविधियों को गति मिलेगी। ऑफटेक के मोर्चे पर भी एसईसीएल ने प्रगति दर्ज करते हुए दिनांक 17 मार्च तक 171.3 मिलियन टन का आंकड़ा हासिल कर लिया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.5 प्रतिशत अधिक है। एसईसीएल के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल देश की ऊर्जा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमारी प्राथमिकता है कि कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को हर परिस्थिति में पूरा किया जाए। हम अपने निर्धारित लक्ष्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और शेष अवधि में उत्पादन एवं आपूर्ति को और गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में फैली, एसईसीएल देश की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है और राष्ट्रीय उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखती है। गर्मी के मौसम में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए, कंपनी द्वारा उत्पादन एवं आपूर्ति को और सुदृढ़ करने के लिए विशेष रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है, ताकि विद्युत संयंत्रों को निर्बाध एवं समयबद्ध कोयला उपलब्ध कराया जा सके और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके।



फाइल फोटो

# पीडीएस दुकानों में नहीं पहुंच रहा दो महीने का चावल, कहीं एपीएल भटक रहे तो कहीं बीपीएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फरवरी और मार्च दो माह का चावल एक साथ दिए जाने की प्रशासनिक घोषणा के बाद भी पीडीएस दुकानों में एक माह का चावल भी हितग्राहियों को नहीं मिल रहे हैं।

**खास बातें**

- फरवरी महीने में कितने हितग्राहियों को चावल मिला रिकार्ड नहीं खाद्य विभाग में
- दो माह का एक साथ चावल देने दिए गए थे आदेश

स्थिति यह है कि कहीं एपीएल हितग्राही भटक रहे हैं तो कहीं बीपीएल हितग्राही पीडीएस दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। फरवरी महीने के चावल कितने हितग्राहियों को मिल सका इसकी जानकारी भी खाद्य विभाग में उपलब्ध नहीं है।

बीपीएल एपीएल हितग्राहियों के चावल वितरण व्यवस्था को लेकर खाद्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश और भंडारण के लिए की गई व्यवस्था की पोल इस समय पीडीएस दुकानों के सामने नजर आ रही है। कहीं दुकानें नहीं खुली तो कहीं पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर हितग्राहियों को चावल मिल रहा है। दुकान संचालकों का कहना है कि पर्याप्त मात्रा में चावल के नहीं आने के कारण सभी को चावल देना मुश्किल है। वहीं खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षकों के द्वारा दुकानों का निरीक्षण भी नियमित रुप से नहीं किया जाता। यही कारण है कि एपीएल और बीपीएल हितग्राही अपने अपने कोटे के चावल के लिए पीडीएस दुकान से लेकर खाद्य विभाग तक पहुंच रहे हैं। विभाग की मानें तो उनके द्वारा दुकानवार आबंटन की रिपोर्ट राजधानी मुख्यालय भेज दी जाती है और वहीं राजधानी से ही आबंटन किया जाता है। फरवरी महीने में कितने हितग्राहियों को चावल वितरण किया गया इसके संबंध में खाद्य अधिकारी का कहना है कि आबंटन सीधे राजधानी मुख्यालय से होता है। कितने हितग्राहियों को चावल मिला और कितने हितग्राहियों को नहीं मिला इसकी रिपोर्ट उनके पास नहीं है।



फाइल फोटो

**दिसंबर का भी नहीं मिला है चावल**


मिलर्स के द्वारा धान उठाव के एवज में नान के गोदामों में जमा किए जाने वाला चावल पर्याप्त मात्रा में नहीं किए जाने के कारण जिले में चावल का संकट खड़ा हो गया था। जिला प्रशासन के द्वारा आनन फानन में सक्ती जिले से चावल की आपूर्ति की गई उसके बावजूद हजारों हितग्राही पूरे जिले में चावल पाने से वंचित हो गए। अधिकांश हितग्राहियों का कहना था कि उन्हें दिसंबर महीने का भी चावल नहीं मिला है। इस संबंध में विभाग का कहना है कि जो हितग्राही प्रतिमाह चावल का उठाव नहीं करते उनके साथ इस तरह की स्थिति सामने आती है।

## खबर संक्षेप

### 21 को रतनपुर में समाधान शिविर

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना शिविर का आयोजन किया जा रहा है गुरूवार को एसई सुरेश जांगड़े ने मोहभट्ठा, सरगांव में आयोजित शिविर में पहुंचे। अब तक 5 हजार उपभोक्ता शिविर का लाभ ले चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि रतनपुर में 21 मार्च को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर,ईडी एके अंम्बस्ट, एसई सुरेश जांगड़े उपस्थित रहेंगें। खास बात यह है कि उच्च अधिकारियों के द्वारा शिविर में पहुंच कर उपभोक्ताओं को होने वाली समस्याओं का जायजा लिया जा रहा है।

### झांसा देकर युवक ने छात्रा से किया अनाचार



**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर शादीशुदा युवक ने छात्रा से अनाचार किया। उसके बाद मंगेतर को दोनों की फोटो भेजकर शादी तुड़वा दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। महिला थाना से मिली जानकारी के अनुसार, सीपत क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की वर्ष 2018 में पढ़ाई के दौरान झलमला निवासी सूरज सोनी से जान पहचान हुई। उसके बाद युवक ने शादी करने का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। बाद में युवती को पता चला सूरज सोनी पहले से शादीशुदा है। उसके बाद उसने सूरज से बातचीत करना बंद कर दी। युवती के घरवाले समाज के युवक से शादी तय कर दिया। सूरज को जानकारी हुई तो उसने युवती के मंगेतर को दोनों की फोटो भेजकर शादी तोड़वा दी। पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 351, 3, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर डायरी सीपत पुलिस को भेज दी है।

### महिला थाना के पास पति ने पत्नी पर किया हमला

**बिलासपुर।** महिला थाने में शिकायत करने से आक्रोशित पति ने महिला थाना के पास पत्नी के साथ मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला कर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने हमलावर पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुंगेली संगवाकापा निवासी कामिनी कोशले ने रिपोर्ट लिखाई। पिछले कुछ दिनों से वे बहन की बेटी पायल के घर कुदूदण्ड में रह रही हैं। घरेलू व छोटी छोटी बात को लेकर पति राकेश कोसले के द्वारा परेशान करने पर वे बहन की बेटी पायल के साथ महिला थाना महिला परामर्श केंद्र में पति के खिलाफ शिकायत करने गई थीं। शिकायत करने के बाद महिला थाना से थोड़ा आगे गईं तो उनका पति राकेश कोसले आया और मेरे खिलाफ शिकायत करने आई है कहकर सरेराह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने उनका मुंह दबा दिया, नुकीली वस्तु से गले में कई बार हमला किया बीच बचाव के दौरान हाथ की उगली में भी चोट आई है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हमलावर पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

पंद्रह लाख वाहन मालिकों ने बनवाए पास

नए वित्तीय वर्ष से अतिरिक्त देने होंगे 75 रूपए, सुपरहिट साबित हुई एनएचएआई की योजना

# टोल के एनवल पास बनवाने मची होड़, 1 अप्रैल से बढ़ जाएंगी कीमतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल हाईवे की सड़कों पर स्थापित टोल को पार करने के दौरान दिया जाने वाला शुल्क न्यूनतम हो जाए, इसके लिए वाहन मालिकों में एनवल पास बनवाने के लिए होड़ सी मची हुई है। हालत यह है कि योजना के शुरूआती कुछ दिनों में ही पंद्रह लाख वाहन मालिकों द्वारा एनवल पास बनवा लिए गए थे। एनएचएआई के अनुसार वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही एक अप्रैल से दरों में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक एनवल पास के लिए वाहन मालिकों को 75 रूपए अतिरिक्त देने होंगे।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा वाहन मालिकों का एनवल पास बनाकर उनके द्वारा दिए जाने वाले टोल टैक्स में कमी करने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत वाहन मालिकों को 3 हजार रूपए का शुल्क जमा करना होगा, जिससे उन्हें




एनवल पास जारी कर दिया जाएगा। यह पास केवल उन वाहनों के लिए बनाए जाएंगे, जो घरेलू हैं। कमर्शियल वाहनों के लिए यह योजना नहीं है। एक बार पास बनवा लेने के बाद देश के किसी भी टोल में वे रियायती दरों में आसानी से यात्रा कर सकेंगे। एनएचएआई सूत्रों के अनुसार इस योजना के प्रारंभ होते ही शुरूआती दिनों में ही करीब 15 लाख वाहन मालिकों ने अपना एनवल पास बनवा लिया था। अभी भी लोगों की बड़ी संख्या इस योजना का लाभ लेने के लिए कतार में है। विभाग के अनुसार 31 मार्च के बाद एनवल पास की दरें 75 रूपए बढ़कर 3075 रूपए कर दी जाएंगी।

### सौ रूपए का टोल टेक्स एनवल पास में घटकर केवल पंद्रह रूपए

एनवल पास बनवाने के बाद टोल टैक्स की दरों में कई गुना तक कमी आ जाती है। वाहनों में फास्टैग लगे होने के बाद भी टोल की सामान्य दरें कहीं 55, कहीं 80 तो कहीं-कहीं सौ रूपए से भी अधिक हैं। इसके विपरीत एनवल पास बनवा लेने के बाद यह दरें घटकर सीधे पंद्रह रूपए तक आ जाती हैं। ऐसे में यह योजना वाहन मालिकों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है।

### एक साल में 2 सौ बार पार किए जा सकेंगे टोल

एक बार एनवल पास बनवा लेने के बाद वाहन मालिक अधिकतम 2 सौ बार तक टोल पार कर सकते हैं। हालांकि इस योजना को उन लोगों के लिए ज्यादा फायदेमंद बताया जा रहा है, जिनकी रनिंग अधिक है या जिनका ऑफिस या कार्यक्षेत्र ऐसे स्थानों पर है जहां उन्हें रोज टोल पार करके जाना होता है। ऐसे लोगों को एनवल पास का भरपूर लाभ मिल सकेगा।

### लोग ले रहे रुचि

वाहन मालिकों के द्वारा टोल के लिए एनवल पास बनवाने में विशेष रूचि दिखाई जा रही है। एनवल पास बनने के बाद टोल पार करने वालों को केवल पंद्रह रूपए का शुल्क ही देना पड़ता है, जो कि न्यूनतम है। यह योजना केवल घरेलू वाहनों के लिए है। कमर्शियल वाहनों के लिए नहीं। एक अपैल से रेट बढ़ने वाले हैं, जिससे प्रत्येक एनवल पास के लिए वाहन मालिकों को 75 रूपए अधिक देने होंगे।

**राजेश्वर सूर्यवंशी**, मैनेजर
नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया

डीएमएफ के पैसे से सिंचाई विभाग कर रहा निर्माण

# आकार लेने लगी मंगला-शिवघाट बाईपास सड़क सात करोड़ की लागत से बनेगी डामर रोड



सड़क निर्माण का तेजी से चल रहा काम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला से शिवघाट बराज के बीच शहरवासियों को आवागमन के लिए जल्द ही एक और बाईपास सड़क मिल सकेगी। सात करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन ने प्रारंभ कर दिया है। सड़क निर्माण के अंतर्गत अभी मिट्टी के कार्य किए जा रहे हैं। यह सड़क मंगला-धुरीपारा से सीधे सरकंडा जाने वालों के लिए काफी मददगार साबित होगी। उन्हें शहर के भीतर से घूमकर नहीं जाना पड़ेगा।

- **शहरवासियों को जल्द मिलेगी एक और बाईपास सड़क**

धुरीपारा-मंगला से सरकंडा जाने वालों की राह अब काफी आसान हो जाएगी। इसके लिए शहरवासियों को शहर के भीतर प्रवेश करने की कोई जरूरत ही नहीं होगी। शिवघाट बराज होकर वे सीधे सरकंडा जा सकेंगे। सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन द्वारा एसटीपी मंगला से शिवघाट बराज तक छह सौ मीटर लंबाई में एक डामर सड़क बनाई जा रही है। सड़क का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अंतर्गत अभी मिट्टी से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार सड़क का निर्माण पूरा करने के लिए 11 महीनों की अवधि शेष है, जिससे निर्धारित अवधि तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। यह सड़क डामरीकृत होगी, जिसकी कुल चौड़ाई दस मीटर होगी। इसके अंतर्गत डामररोड तो साढ़े सात मीटर ही होगी, वहीं शेष चौड़ाई में शोल्डर का निर्माण किया जाएगा। सड़क की कुल लागत 682.22 लाख रूपए होगी, जिसमें सड़क के अलावा नदी के दोनों ओर प्रोटेक्शन वाल व पिचिंग संबंधी कार्य भी किया जाना प्रस्तावित है। प्रोटेक्शन वॉल एवं पिचिंग के कार्य भी जारी हैं।

ज्ञात हो कि अरपा नदी पर शहर में दो बराज बनाए गए हैं, जिनमें एक पचरीघाट तो दूसरा शिवघाट के रूप में तैयार हो चुका है। कुछ महीनों पहले कलेक्टर द्वारा शिवघाट बराज के निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मंगला से बराज तक बाईपास सड़क निर्माण कर शहरवासियों के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार करने संबंधी चर्चा की गई थी। इसके बाद इसकी पूरी प्लानिंग व बजट तैयार कर सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन के द्वारा निर्माण की स्वीकृति ली गई थी। इस सड़क के लिए फंड की व्यवस्था जिला खनिज न्यास मद से की जा रही है।

### अर्थवर्क किया जा रहा है

मंगला-धुरीपारा से शिवघाट बराज के बीच बाईपास डामर रोड बनाई जा रही है। डीएमएफ की फंडिंग से बनने वाली इस सड़क के अंतर्गत अभी अर्थवर्क किया जा रहा है। सड़क निर्माण से मंगला से सरकंडा व सरकंडा से मंगला की ओर जाने वालों को काफी आसानी होगी। सड़क का निर्माण पूर्ण करने के लिए अभी 11 महीनों का समय शेष है, जिससे पूरी संभावना है कि उक्त अवधि में निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

**-एमके चंद्रा**, ईई खारंग डिवीजन

# एक माह में उठाईगीरों को पकड़ नहीं पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत खमरिया के सराफा का व्यापारी का 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवर से भरा थैला लेकर बाइक सवार दो युवक भाग गए थे। कुछ दिन तक पुलिस हवा में हाथ पैर मारने के बाद शांत बैठ गई है। एक माह बाद भी पुलिस उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

- **सीपत के सराफा व्यापारी का जेवर लेकर भागे थे**

20 फरवरी 2026 को सीपत खमरिया स्थित रमेश ज्वेलर्स के संचालक बलौदा निवासी विनय सोनी शाम 7 बजे दुकान में रखे 10 किलो चांदी के आभूषण व 100 ग्राम सोने के आभूषण का थैला लेकर दुकान से बाहर निकले। थैला शटर के पास रखकर वे दुकान बंद करने के लिए शटर गिरा रहे थे। इसी दौरान बाइक से दो युवक उनकी दुकान के सामने आए। एक युवक बाइक से उतरकर दौड़ते हुए आया आभूषण से भरा थैला उठाकर बाइक में बैठकर अपने साथी के साथ बिटकुला के जंगल की ओर भाग गया। कुछ दिन तक साइबर रेंज थाना पुलिस, एसीसीयू टीम, सीपत पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पूर्व में चोरी, लूट के मामले में पकड़े गए संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कोई सफलता नहीं मिलने पर मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### नकाबपोशों का भी सुराग नहीं

15 मार्च को मोपका चिल्हाटी मोड़ विवेकानंद रेसीडेंसी निवासी इंजीनियर नितेश रंजन के सूने मकान में 5 चोर सफेद रंग के कपड़े पहनकर पहुंचे, इन्होंने नकाब लगाकर दरवाजा काटकर 4 लाख रुपए के जेवर की चोरी की, इन्हीं नकाबपोशों ने विमला धूरी के घर से नकद जेवर एवं आशीष बांधे के घर से बाइक चोरी कर ली थी। 5 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस नकाबपोशों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### व्यापार विहार में 8 लाख के उठाईगीरी का सुराग नहीं

7 मार्च को व्यापार विहार छोटे पार्किंग स्थित हरे कृष्ण ट्रेडर्स के संचालक अजय कुमार अग्रवाल रात 8 बजे दुकान की बिक्री रकम 8 लाख 25 हजा रुपए व 1 लाख 40 हजार रुपए 60 नग चांदी के सिक्के व राइसमिल के पेपर थैला में रखकर बाहर निकले। वे पैसा वाला थैला अपनी बलेनो कार में रखकर दरवाजा बिना लॉक किए दुकान का शटर बंद कराने में व्यस्त हो गए। इसी दौरान एक युवक पीछे से आकर पैसा से भरा थैला कार से चोरी कर भाग गया था। एक सप्ताह बाद भी पुलिस उठाईगीर का सुराग नहीं लगा पाई है।

# धोखाधड़ी के फरार आरोपी ने किया कोर्ट में सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मृत व्यक्ति की बीमा राशि लेने के बाद उसी के नाम पर फिर से बीमा कराकर धोखाधड़ी करने के मामले में एक साल से फरार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी

- **मृतक का आरोपी ने कराया था बीमा**

सिविल लाइन थाना के एएसआई अशोक चौरसिया ने बताया, 8 मई 2025 को भारतीय जीवन बीमा के शाखा प्रबंधक अलबन टोप्पो ने रिपोर्ट लिखाई थी। बीमा धारक व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके परिजन ने बीमा क्लेम कर राशि ले ली थी। उसके बाद विद्या नगर निवासी नरेश अग्रवाल पिता वेदप्रकाश अग्रवाल अन्य तीन साथियों के मिलकर उक्त मृतक के नाम पर फिर से जीवन बीमा करा दिया था। बीमा की जांच करने में पाया गया कि उक्त मृतक की मृत्यु होने पर परिजन को क्लेम राशि दे दी गई है। चारों ने जान बूझकर साजिश करते हुए झूठा बीमा दावा पेश का मृत्यु दावा लेने की कोशिश की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर चारों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले में एक साल फरारी काटने के बाद 19 मार्च को आरोपी नरेश अग्रवाल ने जिला न्यायलय में सरेंडर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस आरोपी को मामले में गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में मुलाहिजा कराने के बाद कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया है। उक्त मामले में पहले आरोपी राजेश कुमार शर्मा यदुनंदननगर तिफरा, नंदकुमार साहू ओखर पचपेड़ी निवासी की गिरफ्तारी हो गई है। एक अन्य आरोपी फरार है।

# गश्त पाइंट बुधवारी की दो दुकान में चोरों ने बोला धावा

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने आतंक मचाते हुए गश्त पाइंट बुधवारी बाजार की दो दुकानों की टिन की छत उखाड़कर नकद रकम चोरी कर लिया और भाग गए। इसके पहले भी दुकानों में कई बार इसी तर्ज पर चोरी हो चुकी है। चोरी की वारदात से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

तोरवा नाका संतोषी मंदिर निवासी जनरल स्टोर के संचालक सेवकराम कुकरेजा ने बताया कि 18 मार्च की रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। 19 मार्च की सुबह 9 बजे उन्होंने दुकान का शटर खोला तो काउंटर व नीचे सामान बिखरा पड़ा था। अंदर जाकर देखे तो गल्ला खुला हुआ था। उसमें रखा रखे करीब 3 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। दुकान के ऊपर छत का टिन उखाड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसी तरह दस्तगीर हुसैन की मोबाइल दुकान के टिन की छत उखाड़कर गल्ले से नकद रकम चोरी कर लिया है। एक साथ दो दुकानों में चोरी की वारदात से





व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस दोनों दुकानों का मुआयना कर लौट गई। मोबाइल दुकान संचालक श्री हुसैन ने बताया कि इसके पहले भी दुकान की टिन की छत उखाड़कर कई दुकानों में चोरी की वारदात हो चुकी है। पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई थी।

### राइसमिल का कांच तोड़कर चोरी

बिल्हा पुलिस के अनुसार, अनीश अग्रवाल पिता अनिल कुमार अग्रवाल की ग्राम गुमा में रानीसती एग्रोटेक राइसमिल है। 17 मार्च की रात 8 बजे वे राइसमिल में ताला बंद कर घर चले गए थे। 18 मार्च की सुबह 7 बजे मिल गए तो आफिस का कांच टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखे तो सीपी प्लस कैमरा, डीवीआर, वाईफाई का माडम व आलमारी में रखे 15 हजार रुपए की चोरी हो गई थी।

# गर्मी में पेयजल संकट से निपटने नोडल अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर।** आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति के सुचारू संचालन एवं त्वरित हैण्डपम्प के संधारण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि आमजन टोल फ्री नम्बर 1916 पर शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही जनपद पंचायत के कार्यालय में उपलब्ध पेयजल पंजी में अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड अम्बिकापुर हेतु सहायक अभियंता मुकेश कुमार गुप्ता नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी में विकासखण्ड अम्बिकापुर हेतु उप अभियंता सुश्री सीमा केहरी, विकासखण्ड लखनपुर हेतु उप अभियंता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, विकासखण्ड उदयपुर हेतु उप अभियंता श्रीकांत खिलाड़ी एवं विकासखण्ड लुण्ड्रा हेतु उप अभियंता सुश्री सुभद्रा सिंह होंगी।

### बकरा-बकरी चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बकरा बकरी चोरी कर बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम सेवार व सारधासे 37 नग बकरी बकरी चोरी हो गई थी। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोरी करने वाले हेमराज साहू पिता परसराम 18 साल चिंगराजपारा, नजीर खान उर्फ मजीद खान पिता शहीद खान 20 सा चिल्हाटी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

# न्यायिक अफसरों व जजों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अनुशंसा पर रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव ने हायर ज्यूडिशियल सर्विस से जुड़े न्यायिक अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है।

इस आदेश के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर-चांपा शक्ति सिंह राजपूत का अंबिकापुर सरगुजा, रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट खिलावन राम रिगरी का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोंडागांव, प्रधान जिला एवं सत्र परिवार न्यायालय जांजगीर संघरत्ना भटपहरी का कबीरधाम कवर्धा, जयदीप गर्ग विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोरबा से जांजगीर-चांपा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुमित कूर एडीशनल रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट को रजिस्टार न्यायिक स्थापना, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार कोहली जगदलपुर से एडीशनल डायरेक्टर छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर। सप्तम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिग्विजय सिंह रायपुर से एडीशनल डायरेक्टर न्यायिक अकादमी बिलासपुर, अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार उपाध्याय रायपुर से एडीशनल रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट, परिवार न्यायाधीश लीलाधर सारथी कवर्धा से विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोरबा तबादला किया गया है। इसी तरह सिविल जज जूनियर अंकिता अग्रवाल भाटापारा से महासमुंद, कुमारी दिव्या गोयल सक्ती से जशपुर, शैलेष कुमार वशिष्ठ बलरामपुर से दुर्ग, हरषी अग्रवाल राजनांदगांव से जगदलपुर, कुमारी मीनू नंद धमतरी से दंतेवाड़ा, श्रीमती काम्या घरघोड़ा से बलौदाबाजार, सिद्धार्थ आनंद सोनी कटघोरा से नवागढ़ जांजगीर, तन्मय ब्रहम्म महासमुंद से बिलासपुर, कु. श्वेता ठाकुर बचेली से रायपुर, विनय कुमार साहू सरायपाली से धमतरी किया गया है।

इसी तरह कुं. प्रेरणा वर्मा बिलाईगढ़ से कटघोरा, कु. पारूल साय अंबिकापुर से महासमुंद, कु. मिनी ठाकुर रायपुर से घरघोड़ा, कु. रिद्धि बुरड़ रायपुर से भाठापारा, ओम चौहान रायपुर से बैकुंठपुर, सिद्धार्थ देवांगन रायपुर से बिलाईगढ़, अंकिता देवदास रायपुर से सक्ती, माला यादव बलौदाबाजार से बेमेतरा, प्रगति गुर्दे रायपुर से महासमुंद एवं सीमा लकड़ा का कोंडागांव से रायपुर तबादला किया गया है।

### जनगणना फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 से

**बिलासपुर।** भारत की जनगणना 2027 एवं राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अद्यतन कार्य के लिए जिले के विभिन्न ग्रामीण व नगरीय चार्जों हेतु फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। दो बैच में नियुक्त किये गये इन ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में 23 से 29 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। प्रथम बैच में ग्रामीण एवं नगरीय फिल्ड के 45 ट्रेनर्स को 23 से 25 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिनमें कोटा, रतनपुर, बेलगहना, तखतपुर, सकरी, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तुरी, सीपत, पचपेड़ी, बिल्हा, बोदरी तहसील एवं नप कोटा, रतनपुर, तखतपुर, मल्हार, बिल्हा एवं बोदरी के ट्रेनर्स शामिल होंगे। द्वितीय बैच में नगर पालिक निगम बिलासपुर अंतर्गत 27 से 29 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# एलपीजी सिलेंडर जांच के दौरान सहायक खाद्य अधिकारी से गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी डोकने के लिए होटल ढाबा जांच पर पहुंची सहायक खाद्य अधिकारी से विवाद और गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम रामानुजगंज के निर्देश पर 18 मार्च को सहायक खाद्य अधिकारी चंपाकली दिवाकर संयुक्त टीम के साथ एलपीजी गैस की वितरण एवं विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में आकस्मिक जांच हेतु होटल ढाबा में चेकिंग कर रही थी। जांच के दौरान शाम 6.20 बजे रामानुजगंज रिंग रोड स्थित सूरज ढाबा में चेकिंग के दौरान राहुल जीत सिंह द्वारा अनाधिकृत रूप से वीडियो बनाया जा रहा था जिसे मना करने पर राहुलजीत एवं उसके साथी के द्वारा सहायक खाद्य अधिकारी का रास्ता रोककर जातिगत गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया।

## खबर संक्षेप

### गर्मी से बचाव हेतु दिशा-निर्देश जारी

**कोरबा।** जिले में भीषण गर्मी और ताप की लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना द्वारा बचाव हेतु उपाय के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उनके द्वारा भीषण गर्मी-ताप की लहर से बचने के संबंध में गर्मी के पहले एवं गर्मी के दौरान सुरक्षा उपाय के संबंध दिशा निर्देश जारी किया गया है।

## निधन

### कमलेश टांक



**कोरबा।** कोरबा निवासी कमलेश जादव टांक (72 वर्ष) का गुरुवार को निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे जयंती भाई, भूपेश भाई और खुशाल भाई टांक के भाई एवं प्रेरणा व तृष्णा जेठवा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिजन व गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### रामजी विश्वकर्मा



**कोरबा।** बालको के पूर्व प्रबंधक, प्रखर वक्ता रामजी विश्वकर्मा का निधन बुधवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरा पूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

### वेदांता समूह की प्राथमिकता

# बालको में महिला क्रेन पायलट की तैनाती, महिला नेतृत्व को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको में पहली बार महिला क्रेन पायलट्स की तैनाती की गई है। यह पहल देश के सबसे उन्नत, तकनीक-संचालित स्मेल्टर क्षेत्र में महिला-प्रथम ऑपरेटिंग मॉडल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कुल 30 महिलाओं को तैनात किया गया है, जिनमें 10 बीम-रेजिंग ऑपरेटर और 20 पीटीएम पायलट शामिल हैं। यह उपलब्धि बालको के लिए एक मील का पत्थर है, जो इसके 'मिलियन टन क्लब' में प्रवेश के साथ जुड़ी हुई है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम मैन्युफैक्चरिंग के काम को बेहतर बनाने के समावेशिता को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं। महिला क्रेन पायलट्स की तैनाती सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह काम करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव है। जैसे ही हम 1 मिलियन टन उत्पादन के स्तर तक पहुंच रहे हैं, यह बदलाव दिखाता है कि हम एक ऐसा कार्यस्थल बना रहे हैं जो बेहतर प्रदर्शन करने वाला, समानता वाला और भविष्य के लिए तैयार है। इन महिला पायलट्स ने सिमुलेटर सत्र और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी की है। अब वे पॉट रूम के महत्वपूर्ण कार्य, जैसे एनोड बदलना, कवरिंग करना, पिघले हुए एल्यूमिनियम की टैपिंग और बीम-रेजिंग, का संचालन कर रही हैं। इससे इलेक्ट्रोलाइटिक रिडक्शन सेल्स का संचालन तय मानकों के भीतर स्थिर और निरंतर बना रहता है। साथ ही सभी पॉटलाइनों में बीम-रेजिंग गतिविधियां अब पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही हैं, जहां प्रत्येक पॉट रूम में महिला बीम-रेजिंग प्रभारी नियुक्त की गई हैं। बालको ने 2022 से ट्रांसजेंडर पेशेवरों को भी अपने संयंत्र के मुख्य कार्यों में शामिल किया, जिसकी शुरुआत फोर्कलिफ्ट ऑपरेशन और सुरक्षा सेवाओं से हुई थी। इस प्रकार बालको छत्तीसगढ़ में ट्रांसजेंडर सहयोगियों को एल्यूमिनियम संचालन में शामिल करने वाली अग्रणी औद्योगिक कंपनियों में से एक बन गया है।



कंपनी में कार्यरत महिलाएं।

# महापौर की पाती में प्राप्त हुए 31 आवेदन, 29 का निराकरण, 2 प्रक्रियाधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- जन समस्याओं का हो रहा निराकरण

नगर निगम की एक और जनकल्याणकारी पहल महापौर की पाती के अंतर्गत विगत 4 दिवसों में प्राप्त साफ-सफाई, पेयजल व स्ट्रीट लाईट की समस्या से जुडे. 31 आवेदनों पत्रों में से 29 आवेदनों का निराकरण तत्काल कर दिया गया, तो वहीं 2 ऐसे आवेदन जिनका तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उन पर प्रक्रिया की जा रही है।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के द्वारा के विकास, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी करने के लिए मेयर की पाती की व्यवस्था की गई है, जिसके तहत पानी, बिजली व साफ-सफाई से जुड़ी समस्याओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निराकरण व समस्याओं का समाधान 24 घंटे के अंदर अनिवार्य रूप से संबंधित प्रभारी अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। विगत 16 से 19 मार्च तक इन 4 दिवसों में मेयर की पाती के अंतर्गत कुल 31 आवेदन पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 29 आवेदनों का तत्काल संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जा चुका है, वहीं 2 ऐसे आवेदन जिनका तत्काल निराकरण संभव नहीं था उन्हें प्रक्रिया में ले लिया गया है। इन 4 दिनों में 7 आवेदन, पेयजल से संबंधित 12 आवेदन व स्ट्रीट लाईट विद्युत से संबंधित 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें स्ट्रीट लाईट विद्युत से संबंधित 2 आवेदन लंबित है, जबकि शेष सभी 29 आवेदनों से जुड़ी समस्याएं दूर की जा चुकी हैं। साकेत के प्रवेशद्वार पर लाल, हरा, नीला तीन रंगों के लेटर बाक्स स्थापित किये गये हैं, जिसमें लाल रंग के लेटर बाक्स में स्ट्रीट लाईट, हरे रंग के लेटर बाक्स में साफ-सफाई तथा नीले रंग के लेटर बाक्स में पेयजल से जुड़ी समस्याओं के आवेदन डाले जा रहे हैं।

# निगम आयुक्त पहुंचे वार्डों में, गली मोहल्लों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर निगम द्वारा विगत एक पखवाड़े से वार्डों में संचालित किए जा रहे स्वच्छता महाअभियान की कड़ी में गुरूवार को वार्ड क्र. 45 व 48 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय इन दोनों वार्डों में पहुंचे, बस्ती की गलियों में पैदल भ्रमण किया, वार्डवासियों से डोर टू-डोर संपर्क कर निगम के नियमित साफ-सफाई कार्यों सघन जानकारी ली तथा सड़क, नाली, पानी, बिजली, आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुये, इन से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली, वहीं वार्ड क्र. 45 परसाभांठा के तीन स्थानों पर पानी की समुचित निकासी हेतु नाली निर्माण कराये जाने एवं इस हेतु तत्काल प्राक्कलन बनाये जाने के निर्देश संबंधित अभियंताओं को दिए। महाअभियान के पन्द्रहवें दिन वार्ड क्र. 45 परसाभांठा बालको एवं वार्ड क्र. 48 हसेदव क्र. 1 दर्री के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। स्वच्छता महाअभियान के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 मार्च को वार्ड क्र. 8 मोतीसागरपारा व वार्ड क्र. 18 कोहड़िया के विभिन्न बस्तियों, कालोनियों, मुख्य व संपर्क सड़कों आदि में विशेष मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी।




कोरबा मार्केट












## क्राइम की खबरें



### स्कूली बच्चों ने जटगा चौकी का किया भ्रमण

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन चौकी जटगा द्वारा मीडिल स्कूल एवं हाई स्कूल जटगा के विद्यार्थी एवं स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं को थाना भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को थाना की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए उन्हें प्रथम सूचना पत्र, आर्म्स की जानकारी, कानून संबंधी जानकारी, सजग कोरबा के संबंध में, साइबर फ्राड, उठाईगिरी, अनुभव फीडबैक महिला, बच्चों के साथ घटित अपराध, स्मार्ट पुलिसिंग के संबंध मे जानकारी दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं मिष्ठान दिया गया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवेदनशील तरीके से समझाइश दी गई, जिससे वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। थाना परिसर एवं भौगोलिक स्थिति का भ्रमण कराते हुए बच्चों को पुलिस व्यवस्था की सामान्य जानकारी भी प्रदान की गई तथा उन्हें कानून का पालन करने एवं समाज में जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया।

### आज के समय में महिलाएं पहले से ज्यादा मजबूत हुई हैं : प्रीति



**कोरबा।** प्रेरणा महिला मंडल द्वारा आदर्श नगर कुसमुंडा में महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति स्वर्णकार जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति झा, अनीता राजपूत, अल्फा सोनी, रानी कौर शिखा विजेता विनीता आरती राठौर प्रतिभा दास बॉबी गवेल मीडिया प्रभारी निक्की कौर मिशा रंधावा सबसे पहले अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया उसके बाद महिलाओं ने एक के बाद एक धमाकेदार डांस कर महिलाओं ने मंच पर तहलका मचाया तालिया से पूरा हॉल गूंज उठा बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी गई यह आयोजन महिलाओं की आत्मनिर्भरता और शक्ति का जश्न मनाने के लिए किया गया था कार्यक्रम में अध्यक्ष उमा कुमारी कोषाध्यक्ष मंजू यादव सचिव तुलेश्वरी साहू संगठन प्रभारी मनजीत कौर सहसचिव श्वेता प्रमाणिक के संयोजन में आयोजित की गई अध्यक्ष उमा कुमारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हर्ष वर्ष हम लोग बड़े पैमाने पर महिला दिवस का आयोजन करते हैं उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करना है जिससे वह अपनी कला की प्रस्तुति कर सके मुख्य अतिथि के रूप में रानी कौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में महिला पहले से ज्यादा सख्त हुई है लगातार महिलाएं की स्थिति में सुधार आ रहा है समाज का नजरिया महिलाओं के प्रति बदलना है आने वाले समय में और अधिक बदलाव देखने को मिलेगा।

# जेल की चार दीवारी के भीतर चार महिला सहित डेढ़ दर्जन कैदी कर रहे हैं मां की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

चैत्र नवरात्र के अवसर पर जिलेभर में नवरात्रि की धूम मची हुई है। सभी देवी मंदिरों में अल सुबह से देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ लग रही है। सभी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर जेल की चार दिवारी के भीतर भी रहने वाले कैदी इससे पीछे नहीं है और मां की आराधना में डूबे हुए हैं। इस साल जिला जेल के भीतर चैत्र नवरात्र के अवसर पर चार महिला कैदी सहित कुल 15 कैदी नौ दिनों तक उपवास रखकर मां की आराधना कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो गई है और सभी देवी मंदिर सर्वमंगला, चैतुरगढ़, मड़वारानी, भवानी मंदिर, कोसगाई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हर तरफ भक्ति की बार बह रही है। इसी कड़ी में इस बार जेल के भीतर भी मां की आराधना की जा रही है। जेलर अमितेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र प्रारंभ होने के पहले जिन कैदियों ने उपवास रखने के लिए जेल प्रबंधन को सूचना दी थी। उन सभी कैदियों का चिकित्सकीय जांच कराया गया और उन्हें स्वस्थ्य पाया गया है। उनमें से चार महिला और 11 पुरुष शामिल हैं। सभी 15 कैदी नौ दिनों तक मां की आराधना कर पूजा अर्चना करेंगे। उपवास के पहले दिन ही सभी कैदी अल सुबह पूजा अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था दी गई है। साथ ही उन्हें अलग से प्रेरक दिया गया है। सुबह और शाम प्रतिदिन जेल के भीतर पूजा स्थल तैयार किया गया है। जिन कैदियों ने मां की विशेष पूजा अर्चना की तैयारी की है और 9 दिनों तक उपवास किया गया है उन्हें पूजा के लिए विशेष स्थल उपलब्ध किया गया है। उनके द्वारा उनके साथ-साथ जेल में बंद अन्य कैदी भी पूजा अर्चना में शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा जो कैदी उपवास कर रहे हैं। उन्हें जेल मैनुअल के साथ विशेष डाइट उपलब्ध कराया जा रहा है।

## जेल मैनुअल के तहत उपलब्ध कराया जा रहा है विशेष डाइट

**खास बातें**

- सुबह और शाम की जा रही है पूजा अर्चना
- जेल प्रबंधन भी कैदियों के साथ डूबी भक्ति में



**कुल 15 कैदी कर रहे उपवास**

जिला जेल में बंद चार महिला व 11 पुरुष सहित कुल 15 कैदी नवरात्री के अवसर पर उपवास कर रहे हैं। जेल मैनुअल के तहत उन्हें विशेष बैरक उपलब्ध कराया गया है। जहां पूजा अर्चना हो रही है। साथ ही जेल मैनुअल के तहत विशेष डाईट भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**-अमितेश साहू,** जेलर, जिला जेल कोरबा

## पहले दिन ही पांच कुंडीय महायज्ञ हुआ संपन्न

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जेल में गायत्री शक्ति पीठ के ट्रस्टी कमलेश मिश्रा एवं उनकी टोली द्वारा पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया गया। टोली में कैप्टन मुकेश अदलखा, व्हीके यादव, मनहरण यादव, देव चरण श्रीवास, न्याय पाल कौशिक, गोरेलाल राठौर, नीलेश प्रजापति एवं देव साहू शामिल रहे। हिन्दू पंचाग के अनुसार नया साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरम्भ होता है तथा इसी दिन से नया विक्रम संवत बदलता है। गायत्री का अर्थ होता है सद्विचार तथा यज्ञ का अर्थ होता है सत्कर्म, यह समझाते हुए गायत्री परिजनों ने धर्म तंत्र से लोकशिक्षण का महत्व समझाया तथा 257 बंदियों से अपने एवं अपने परिवार के कल्याण हेतु आहुतियां प्रदान करवाया।

## चैत्र नवरात्र प्रारंभ, पहले दिन शैलपुत्री की हुई पूजा

# अभिजीत मुहूर्त में हुई घट स्थापना, जले मनोकामना ज्योतिकलश



मंदिर में प्रज्जवलित मनोकामना ज्योत कलश।



दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देवी मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना के साथ मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित होते ही देवी का दरबार जगमगा उठा। नवरात्र के पहले दिन शुक्ल ब्रम्ह और स्वार्थ सिद्धि योग के साथ शैलपुत्री की पूजा हुई। मां सर्वमंगला मंदिर से लेकर चैतुरगढ़ महिषासुर मर्दिनी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त सुबह से पहुंचने लगे थे। दर्शनार्थियों का यह सिलसिला गोधुली बेला के बाद देर रात तक चलता रहा।

चैत्र नवरात्र के शुरु होते ही मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ों में विराजित आदिशक्ति के दरबा में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित किए जाने के साथ ही अनुष्ठानों का दौर भी शुरु हो गया। 9 दिन तक चलने वाले इस पर्व में मां के अलग अलग रुपों की पूजा अलग अलग दिन की जाती है। 9 रुपों में पूजी जाने वाली देवी आराधना के इस पर्व के अवसर पर समूचा अंचल भक्ति से सराबोर हो उठा है। मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना की पूजा के बाद विभिन्न श्रद्धालुओं के मनोकामना ज्योतिकलश को मंदिर के सेवादारों के द्वारा प्रज्जवलित किए गए और इसके साथ ही 9 दिन तक आदिशक्ति का दरबार ज्योतिकलश की लौ से जगमगाने लगा। हसदेव नदी के किनारे स्थापित मां सर्वमंगला मंदिर से लेकर पुरानी बस्ती की गढ़ी में राज परिवार के द्वारा स्थापित देवी मंदिर में पूजा अर्चना का दौर पुजारियों के द्वारा परंपरागत रुप से किया गया। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भी स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी अपनी मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए।

### पहाड़ों की देवी दर्शन के लिए पहुंच रहे दर्शनार्थी

चैत्र का महीना इस वर्ष शीघ्र शुरु होने के कारण और मौसम में आए बदलाव से ठंडक होने के कारण पहाड़ों में स्थापित देवी के दर्शनों के लिए पहले दिन से ही श्रद्धालुओं का काफिला पहुंचने लगा था। मां मड़वारानी मंदिर स्थल तक सड़क निर्माण होने के कारण आम श्रद्धालुओं का पहुंचना आसान हो गया है किंतु इसके ठीक विपरीत कोसगई मंदिर पहाड़ चढ़ना श्रद्धालुओं के लिए अभी भी तकलीफ देह बना हुआ है। ऐसी स्थिति डंगनई देवी मंदिर और चैतुरगढ़ मंदिर में भी नजर आती है। यहां पहुंचने वाले दर्शनार्थियों के वाहन मंदिर से ढाई किलोमीटर दूर रोक दिए जाते हैं और यहां से भक्तों को माता के दरबार तक पैदल पहुंचना पड़ता है।

# चेट्रीचंड उत्सव पर निकली सिंधी समाज की बाइक रैली



रैली में शामिल सिंधी समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भगवान वरूण देव के अवतार श्री झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड्र के पूर्व दिवस पर गुरुवार की सुबह 9 बजे पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के नेतृत्व में स्थानीय झूलेलाल मंदिर रानी रोड से एक विशाल मोटरसाइकिल, स्कुटर रैली निकाली गई। जिसे पंचायत के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में अध्यक्ष अशोक चावलानी ने श्री झूलेलाल ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस रैली में भारी संख्या में समाज के सभी आयु वर्ग के महिला पुरूष सदस्य बेहद उत्साहित होकर शामिल रहे और भगवान झूलेलाल के जयकारे के साथ नगर भ्रमण किया। यह रैली नगर के मेन रोड, रामसागर पारा, पावर हाउस रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, निहारिका से होकर वापस एस एस प्लाजा होते हुए मेन रोड स्थित संत कंवर राम उद्यान में दोपहर 1 बजे समाप्त हुई। इस रैली का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत सत्कार विभिन्न व्यंजन व शरबत परोस कर किया गया।

# कटघोरा में मिला अज्ञात वृद्ध का शव शिनाख्ति के प्रयास में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



मृत वृद्ध।

कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रजकम्मा के पास स्थित नेशनल हाईवे पर 16 व 17 मार्च की दरमियानी रात एक सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की आयु लगभग 60 से 65 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार वृद्ध व्यक्ति किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को मरच्युरी कक्ष में सुरक्षार्थ रखवाया गया है। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। कटघोरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बुजुर्ग की फोटो या दिए गए विवरण के आधार पर पहचान होती है, तो वे तुरंत थाना कटघोरा में संपर्क कर सूचना दें।

# शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार कर रहा संघ : मृगेश



शाखा कार्यक्रम में उपस्थित आरएसएस कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्ष प्रतिपदा उत्सव में मुख्य वक्ता के तौर पर शासकीय महाविद्यालय करतला के प्राचार्य प्रोफेसर मृगेश यादव ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे किए हैं और तब भी वह अपने कार्यों को अथक रूप से कर रहा है जिसमें सामाजिक जागरण सबसे बड़ा काम है। पंच परिवर्तन की अवधारणा को सामने रखते हुए उन्होंने बताया कि समाज के बीच किस प्रकार से कम करने के साथ हम अपने घर, समाज से लेकर राष्ट्र को बेहतर बना सकते हैं। नागरिकों को जितनी चिंता अपने अधिकारों की होती है, इसी के साथ उन्हें अपने कर्तव्यों के बारे में भी गंभीरता दिखानी चाहिए। अगर ऐसा हो गया तो कोरबा के साथ छत्तीसगढ़ और भारत में आदर्श स्थिति का निर्माण हो सकेगा। गुरुवार को कोरबा के शारदा विहार स्थित दुर्गा पूजा स्थल पर आयोजित वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर मृगेश ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में ऐसे कार्यों का क्रियान्वयन अखिल भारतीय स्तर पर किया जा रहा है। हमारी कोशिश यह भी होगी कि विदेश में जहां तक संघ की पहुंच है, वहां भी ऐसे कार्यों का विस्तार हो। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा संचालित की जाने वाली योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए लोग जिस कदर उत्साह दिखाते हैं, कम से कम उन्हें कुछ वही भूमिका कर्तव्य निर्वहन करने के मामले में निभानी चाहिए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
02 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर के
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी
20 मार्च 2026 | सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : बालको हॉस्पिटल, बालको नगर, कोरबा

विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. कृष्णा दिव्या
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, - VMMC, Safdarjung Hospital, New Delhi
MD (General Medicine)-PGIMER &
Dr Ram Manohar Lohia Hospital, New Delhi
DrNB (Medical Oncology)-Metro Hospital
& Cancer Institute, Delhi
क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं ?
• वज़न में बिना कारण कमी
• मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
• लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
• निगलने में कठिनाई
• बार-बार बुखार या संक्रमण
• मुँह में बदलाव
• त्वचा (स्किन) में बदलाव
• पेट में दर्द या जी मचलना
• खून की कमी • पेट फूलना
• असामान्य गाँठ या उभार
• ठीक न होने वाले छाले/घाव
• स्तन में बदलाव
• मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319
8282824444 नया रायपुर, छ. ग. balcomedicalcentre.com
ATUL